**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS----- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 30 जनवरी, 2024 -ED-----------------------

# मजनू का टीला गुरुद्वारा पर जल्द शुरू होगा सड़क चौड़ीकरण

वी के शुक्ला • नई दिल्ली



गुरुद्वारा के पास फुट ओवरब्रिज के लिए आठ माह पहले खोदा गया गड्ढा • जागरण

- इससे मध्य और उत्तरी दिल्ली के बीच बाहरी रिंग रोड पर जाम से लोगों को मिलेगी मुक्ति
- फुट ओवरब्रिज के निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी को डीडीए से अनुमति मिलने की है उम्मीद

मध्य और उत्तरी दिल्ली के बीच बाहरी रिंग रोड पर लोगों को मजनू का टीला गुरुद्वारा के सामने जाम से राहत मिलने वाली है। मजनू का टीला गुरुद्वारा के सामने योजना के तहत सड़क को चौड़ा करने का काम जल्द शुरू होने जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से कराया जाएगा। इसके साथ ही मजनू का टीला गुरुद्वारा के सामने फुटओवर ब्रिज (एफओबी) बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी को अभी डीडीए से अनुमति नहीं मिली है। इस योजना को लेकर पीडब्ल्यूडी और डीडीए की ओर से संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण किया जा चुका है। जल्द इसकी अनुमति मिलने की भी उम्मीद है।

योजना के तहत मजनू का टीला गुरुद्वारा के सामने फुटओवर ब्रिज (एफओबी) बनाया जाना है। इसके अलावा एक स्लिप रोड बनाई जाएगी। फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए काम शुरू कर दिया गया था, जिसे डीडीए ने यह कहकर रुकवा दिया था कि निर्माण उनकी जमीन पर हो रहा है। यह काम आठ माह से बंद पड़ा है। उधर, पीडब्ल्यूडी का कहना है कि इस परियोजना के लिए डीडीए की ओर से बनाई गई यूटिपैक से मंजूरी ली गई थी, बैठक में डीडीए के अधिकारी भी मौजूद रहे थे, मगर उन्होंने उस समय जमीन को लेकर आपत्ति नहीं जताई थी और काम के लिए अनुमति दे दी थी। बाद में काम रुकवा दिया गया था। इसे लेकर पीडब्ल्यूडी दो बार डीडीए की आइएल ब्रांच के उपनिदेशक को 21 अप्रैल और दो अगस्त को पत्र लिख चुका है।

पीडब्ल्यूडी ने पत्र में कहा है कि विभाग ने 77 कारिडोर को जाम से राहत दिलाने की योजना के तहत एफओबी का निर्माण करने की योजना बनाई है। इस जंक्शन पर उच्च न्यायालय की ओर से 11 अगस्त 2020 को एफओबी बनाने के निर्देश दिया गया था। इस एफओबी के पूर्वी छोर (सीढ़ी और लिफ्ट) का निर्माण पीडब्ल्यूडी के मौजूदा नाले के ठीक पास किया जाना है। डीडीए अधिकारियों ने अपनी जमीन बताते हुए काम रोक दिया था। पीडब्ल्यूडी दो बार डीडीए से अनुरोध कर कह चुका है कि यदि भूमि उसकी है, तो जनहित में इस स्थान पर सीढ़ी और लिफ्ट के निर्माण के लिए आवश्यक अनुमति दी जाए। मामले के जल्द निपटारे की मांग की गई है।

मजनू का टीला गुरुद्वारा के सामने ही स्लिप रोड भी बनाई जाएगी, ताकि रिंग रोड पर वजीराबाद की ओर से कश्मीरी गेट की ओर आने वाले वाहन इसका इस्तेमाल कर बगैर किसी अवरोध के सीधे निकल सकें। जिन लोगों को इस प्वाइंट पर लालबत्ती हटने के बाद यूटर्न से दाहिनी ओर जाना है, वही मुख्य मार्ग पर आएंगे। इस स्लिप रोड को उसी तरह बनाया जाना है, जिस तरह चंदगीराम अखाड़ा के पास बनाया गया है। इसके साथ ही वजीराबाद की ओर से कश्मीरी गेट की ओर आने वाली रोड को भी चौड़ा किया जाना है, इसके लिए सेंट्रल वर्ज कश्मीरी गेट से वजीराबाद की ओर जाने वाली सड़क को खिसकाया जा रहा है। इसके लिए दीवार बनाई जा रही थी, लेकिन यह काम भी बीच में रुक गया है। बता दें कि पीडब्ल्यूडी ने रिंग रोड पर लग रहे भीषण जाम के चलते दो यू-टर्न बनाकर जाम से राहत देने की योजना बनाई थी। इसके तहत मजनू का टीला गुरुद्वारा के पास लालबत्ती हटा दी गई थी। योजना के तहत इस भाग में दो किलोमीटर की दूरी को जाम से मुक्त करने के लिए मजनूं का टीला और चंदगी राम अखाड़ा पर यू-टर्न बनाकर जाम से राहत दी जाएगी। इसी के साथ मजनू का टीला और चंदगी राम अखाड़ा तिराहे के बीच सड़क को चौड़ा किया जाएगा। भविष्य में चंदगीराम अखाड़ा लालबत्ती हटाकर ट्रैफिक जंक्शन के पास जाम से छुटकारा दिलाया जाएगा।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPER नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 30 जनवरी 2024 ED

# IPU : एक फरवरी से शुरू होगा एडमिशन का प्रोसेस

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

एक फरवरी से गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपी) 40 हजार सीटों के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू करेगी। अंडरग्रैजुएट, पोस्टग्रैजुएट और पीएचडी के लिए सोमवार को एडमिशन ब्रोशर लॉन्च किए। वाइस चांसलर प्रो महेश वर्मा ने बताया कि NEP के तहत यूजी के गैर तकनीकी प्रोग्राम इस बार से 4 साल के हो गए हैं। साथ ही, कैंपस स्कूलों में 1100 सीटों का इजाफा किया जा रहा है। 'विकसित भारत' के तहत हमें ग्रॉस एनरोलमेंट रेश्यो (GER) बढ़ाना है, जिसके लिए सीटें बढ़ानी होगी। कई नए कोर्स भी शुरू हो रहे हैं।

यूनिवर्सिटी में दाखिले नैशनल एंट्रेंस टेस्ट, आईपी के कॉमन एंट्रेंस टेस्ट, कुछ कोर्स में क्वॉलिफाइंग एग्जाम के स्कोर और कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होंगे। एडमिशन डायरेक्टर प्रो. उदयन घोष के अनुसार, काउंसलिंग जून से शुरू करके 31 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी ताकि एक अगस्त से क्लासें शुरू हो जाएं।



40 हजार सीटों पर होना है एडमिशन

**नरेला में में बनेगा तीसरा कैंपसः** आईपी नरेला में अपना तीसरा कैंपस बनाने के लिए तैयार है। वीसी प्रो महेश वर्मा बताते हैं, हमें वहां डीडीए से 22 एकड़ जमीन मिली है। इस पर 162 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है। यह रेजिडेंशल कैंपस बनेगा।

**चार कोर्स बंद :** इस बार यूनिवर्सिटी में चार कोर्स - एमटेक इंजीनियरिंग फिजिक्स, एमएससी नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट, एमएससी बायोडायवर्सिटी और कंजर्वेशन, पीडी डिप्लोमा डेटा एनालिटिक्स कम एनरोलमेंट की वजह से बंद किए जा रहे हैं। दूसरी ओर, आईपी में इस बार से विदेशी स्टूडेंट्स अब पीएचडी प्रोग्राम में भी दाखिला ले सकेंगे। गर्ल्स और स्पोर्ट्स के लिए अलग से कोटे पर यूनिवर्सिटी विचार कर रही है क्योंकि कई कोर्सों में लड़कियां 35% ही हैं। दिल्ली सरकार की इस यूनिवर्सिटी में 85% सीटें दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए आरक्षित हैं। 2 कैंपस और 115 एफिलिएटेड इंस्टिट्यूट में 89059 स्टूडेंट्स पढ़ते हैं।

**आईपी 2024**

37 यूजी, 44 पीजी, 35 पीएचडी प्रोग्राम : एक फरवरी से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (ipu.ac.in)

■ 27 अप्रैल से 12 मई कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (CET)

■ 7 फरवरी से कुछ नए कोर्स, अप्रैल में एमबीए, लॉ के लिए रजिस्ट्रेशन

ऐप्लिकेशन फीस : ₹1500
करीब 3000 सीटों में इजाफा

# जसोला : DDA के जर्जर फ्लैट्स की मरम्मत शुरू

■ एनबीटी न्यूज, जसोला

जसोला में पिछले कई साल से डीडीए के जर्जर फ्लैटों में रहने को मजबूर लोगों के लिए राहत की खबर है। डीडीए ने 2010 में आवंटित LIG फ्लैटों की मरम्मत शुरू कर दी है।

**पॉकिट 10बी में ₹1.80 करोड़ से होगी मेंटिनेंस**

लोगों के अनुसार जसोला में डीडीए के हजारों फ्लैट्स हैं। डीडीए ने सभी से मेंटिनेंस चार्ज नहीं लिया था। 2010 और उसके बाद आवंटित फ्लैटों के मालिकों से ही चार्ज लिया गया था। इनमें MIG और LIG श्रेणी के पॉकिट 10बी (330 फ्लैट), पॉकिट-12 (187 फ्लैट) आदि शामिल हैं।

पॉकिट-10 बी आरडब्ल्यूए के महासचिव बी. के. पिल्लई ने बताया था कि मेंटिनेंस चार्ज की कुल रकम 10 करोड़ रुपये से अधिक है। आरोप है कि फ्लैट बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ था। आवंटन के कुछ साल बाद ही फ्लैट की दीवारों के प्लास्टर झड़ने लगे थे। कई फ्लैटों के छज्जे टूट गए। बिल्डिंगों की बीम में दरारें आ गई हैं। सीढ़ियां टूटने लगी हैं। ऐसे में लोगों ने डीडीए अधिकारियों के ऑफिस में चक्कर काटने शुरू कर दिए थे। डीडीए ने फ्लैटों की मरम्मत की योजना बनाने और उस पर काम करने का आश्वासन दिया था। एनबीटी ने भी इस मुद्दे को समय-समय पर उठाया था। अब डीडीए ने पॉकिट 10बी के फ्लैटों की मरम्मत का काम एक करोड़ 80 लाख रुपये से कर रहा है।



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------------ THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI TUESDAY, JANUARY 30, 2024 DATED----------------------

# Online admission process at IP university to start on Feb 1

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Guru Gobind Singh Indraprastha University, Dwarka, will start the online admission process for the academic session 2024-25 on Feb 1. The university has released three separate admission brochures for UG, PG, and PhD programmes at a function organised at India International Centre on Monday.

Releasing the admission brochures, vice chancellor Mahesh Verma said, "The online application portal, except for the new programmes, will be started on Feb 1."

The online application process for new programmes will begin on Feb 7. The last date to apply for all the programmes is March 31.

"To widen the ambit of learning, the university has set up a Centre for Distance and Online Learning. A chair has also been established on the campus with the help of Quality Control of India. We have introduced 57 new programmes in the last couple of years," the VC added.

On the proposed third campus at Narela, the VC said, "We have already received a provisional allotment letter of around 22 acres of DDA land and 160 flats in Education City in Narela to develop the campus. We are toying with the idea of starting schools of medical sciences, agronomy, film-making, human resource development, social responsibilities, etc."

The university is going to increase around 1,100 seats in campus schools with the introduction of new programmes. The university is also introducing new certificate courses.

The Director (Admissions) of the university, Udayan Ghose, informed that counselling for the management programme on the basis of CAT and CMAT and the law programme on the basis of CLAT will start in April. All the common entrance tests will be conducted offline from April 27 to May 12. Counselling for other programmes will start in the first week of June and will be completed by July 31 and the new academic session will start on Aug 1.

# HC pulls up DDA for non-compliance with fencing order

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi**: Delhi Development Authority (DDA) came under fire from the high court on Monday for failing to fence its land in Yamuna Pusta.

A bench of acting chief justice Manmohan and justice Manmeet P S Arora took a dim view of DDA's inability to fence all and under its possession in Yamuna Pusta.

"On fencing of land in Yamuna Pushta, our directions are very clear. We don't think the court's order can be more categorical than this," an irked bench told the counsel for DDA.

Delhi High Court's comments came when DDA claimed there was lack of clarity on the court's earlier order over demarcation and fencing of land to free these of squatters and encroachers. "Your officers in DDA need to be vigilant, you can't let your lands be encroached. If government land is getting encroached we will take action. We want an affidavit since your officers are not following orders. Don't take oral assurances, they (officers) are misleading the court. Let them give an affidavit, if they have the guts, that the court's orders have been implemented," the bench told DDA's counsel.

Giving three weeks time to the land owning authority, the court made it clear that its order passed in Nov last year must be complied with. During hearing of a PIL on encroachment of DDA land, the court had directed it to file an affidavit "clarifying that the entire land belonging to it in Yamuna Pusta is in its possession and the same has been fenced."

It was hearing a plea by an NGO Manav Samaj Sudhar Suraksha Sanstha seeking action against all unauthorised and illegal construction/encroachment on a land in Yamuna Pusta (in Okhla area). DDA had earlier told the court it removed the encroachers and took possession of the land, prompting the court to direct it to be fenced.

Interestingly, the high court had also turned its lens on the petitioner NGO's president and directed DDA and MCD to inspect his residence in Jamia Nagar over allegations of illegal construction. Later, MCD found a few floors of the building to have unauthorised construction and took action on the matter.

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 30 जनवरी 2024

# पब्लिक टॉयलेट्स को साफ रखने के लिए तैनात होंगे नोडल ऑफिसर

**कोर्ट के आदेश पर डिवेलप किया गया सिस्टम**

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली:** डीडीए ने सोमवार को हाई कोर्ट में दावा किया कि वह अपने पब्लिक टॉयलेट्स की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए एक नया सिस्टम तैयार करने जा रहा है। अथॉरिटी के मुताबिक, इसके अंतर्गत नोडल ऑफिसर की मौजूदगी से लेकर गंदे या बंद टॉयलेट्स की शिकायत के लिए उचित प्रणाली उपलब्ध होगी।

डीडीए की ओर से पेश वकील ने एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की बेंच को बताया कि शौचालयों की स्वच्छता की निगरानी के लिए एक नोडल ऑफिसर रहेगा। टॉयलेट्स के बाहर ठेकेदार के साथ पार्क इंचार्ज का नंबर भी होगा। एनडीएमसी की ओर से पेश एडवोकेट साक्षी पोपली ने कहा कि उन्होंने अपनी स्टेटस रिपोर्ट तस्वीरों के साथ कोर्ट के रिकॉर्ड में पेश की है। एमसीडी के बारे में उन्होंने कहा कि निगम के स्टैंडिंग काउंसिल अस्पताल में एडमिट हैं, इसीलिए उन्हें कुछ वक्त दिया जाए। कोर्ट ने सुनवाई 27 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। हाई कोर्ट उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें पब्लिक टॉयलेट्स में साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

the pioneer
I TUESDAY I JANUARY 30, 2024

ERS------------------------------D

# IP university starting online admissions from February 1

**STAFF REPORTER** ■ NEW DELHI




The IP University will start the online admission process for all programmes from February 1 to March 31, an official release on Monday said.

The university released three separate admission brochures for the UG, PG and Ph.D programmes for the upcoming academic session 2024-25.

"The online application portal for the old programmes of the university will open from February 1 while for new programmes it will be initiated from February 7," Vice-Chancellor Mahesh Verma told the media.

He added that the university has set up a Centre for Distance and Online Learning to widen the ambit of learning.

The university has this year also opened doors to the international students for Ph. D admissions, Verma said. The university has adopted NEP across all curriculums and the students will be given the benefit of multiple entry and exit.

"The university is also planning to start separate quotas for girls and sports," he said.

Verma also informed that a provisional allotment of around 22 acres of DDA land and 160 flats in Education City has been received for development of the proposed third campus of the university at Narela.

The university is going to increase around 1,100 seats in campus schools with introduction of new programmes, he said.

The application fee for the courses has been kept at Rs 1,500 like previous year.

In affiliated institutes of the IP University, the new programmes will be introduced in the upcoming academic session, the release said.

The university is also planning to introduce some new courses in the campus schools which await approval of the concerned statutory bodies, it added. Director (Admissions) of IP University, Udayan Ghose, informed that counselling for management programme on the basis of CAT and CMAT and that of Law programme on the basis of CLAT will start in April.

All the common entrance tests (CETs) of the university will be conducted offline from April 27 to May 12 on OMR sheet like last year.

Counselling will start in the first week of June and will be completed by July 31 for other programmes and the new academic session will start from August 1, the release said. The spot/ mop up round of counselling will also be completed by August 14, it added.

पंजाब केसरी
DELHI
30 जनवरी, 2024

# डीएम ने बदरपुर खादर गांव में किया जनसंवाद

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एलजी के आदेश पर उत्तर-पूर्वी जिला डीएम विक्रम सिंह मलिक टीम के साथ जिला के बदरपुर खादर गांव में पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ सीधे तौर पर संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान उनके साथ एसडीएम शुभंकर घोष और एसडीएम संजय सोंधी मौजूद रहे। डीएम ने टीम के साथ 'ग्राम उदय अभियान' के तहत बदरपुर खादर गांव का दौरा किया और रात भी वहीं गुजारी। गांव का दौरा करने के दौरान उनके साथ डीडीए, पीडब्ल्यूडी, आई और एफसी विभाग, वन विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, दिल्ली जल बोर्ड, खंड विकास अधिकारी और अन्य राजस्व के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीणों ने डीएम के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखीं। जैसे आंगनवाड़ी की स्थापना। स्ट्रीट लाइट, आंतरिक सड़कों की मरम्मत, वाटर आरओ प्लांट, पंचायत घर की मरम्मत, नगर वन-वनरोपण का विकास, ग्राम बंद को सुदृढ़ करना।